Need to include Shahjahanpur district in Uttar Pradesh in Aspirational District Programme-Laid

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) **:** आकांक्षी जिला कार्यक्रम' देश के पिछड़े जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और आजीविका के क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला चुका है, और शाहजहांपुर जैसे जिले के लिए यह वरदान सिद्ध हो सकता है ।

14 अक्टूबर 2025 को मैंने उत्तर प्रदेश सरकार से इसकी अनुशंसा का अनुरोध किया था । कार्यवाही में, राज्य के नियोजन विभाग के विशेष सचिव न` 11 नवंबर 2025 को पत्र संख्या (1891/25) UPSPC-SPC1027NA/16/2021-SPCS 1-Part(1) के माध्यम से जिले का विस्तृत मूल्यांकन कर नीति आयोग को अनुशंसा प्रेषित की है । पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि शाहजहांपुर सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक दृष्टि से राज्य औसत से पीछे है । NFHS-5 के अनुसार, मातृ-शिशु मृत्यु दर, कुपोषण एवं रक्ताल्पता जैसी समस्याएं व्यापक हैं । महिला साक्षरता दर न्यूनतम है, रोजगार अवसर सीमित हैं- जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा कृषि पर निर्भर है । ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल एवं कौशल प्रशिक्षण जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी गंभीर है ।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के सिद्धांत केंद्र-राज्य योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन वास्तविक समय निगरानी एवं KPI-आधारित मूल्यांकन शाहजहांपुर के विकास को नई दिशा देंगे ।

अतः मैं केंद्र सरकार एवं नीति आयोग से अनुरोध करता हूं कि इस अनुशंसा पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लें । शाहजहांपुर के लाखों निवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का यह सुनहरा अवसर है ।